munotes.in

(समय : ३ घंटे) कुल अंक : 100

Please check whether you have got the right question paper.

सूचना :१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

२. उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न कमांक, उप-प्रश्न कमांक अवश्य लिखिए।

प्रश्न.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ -सहित व्याख्या कीजिए– (२०)

(क) ''विस्तृत नभ का कोई कोना

मेरा न कभी अपना होना,

परिचय इतना, इतिहास यही–

उमड़ी कल थी, मिट आज चली !''

अथवा

''चलेगा सदा नाश का खेल यों ही,

भले ही दिवाली यहाँ रोज आए।

जलाओ दिए पर रहे ध्यान इतना

अँधेरा धरा पर कहीं रह न जाए''

(ख) ''बाबा भारती चले गये। परन्तु उनके शब्द खड्गसिंह के कानों में उसी प्रकार गूँज रहे थे। सोचता था, कैसे ऊँचे विचार हैं, कैसा पवित्र भाव है! उन्हें इस घोड़े से प्रेम था, इसे देखकर उनका मुख फूल की नाईं खिल जाता था। कहते थे, ''इसके बिना मैं रह न सकूँगा।''

अथवा

''वैसे अकेली छमिया की ही ऐसी स्थिति न थी। घर में सभी के मन की वह हालत थी। एक दूसरे से कुछ कह भी तो नहीं सकते थे बस। अकेले और अपने आप में सिमटे-से। सभी ने महसूस किया, अभी सबेरा नहीं होना चाहिए था।''



B0CA8E8298E89A494B3F34788861F53E

munotes.in

प्रश्न.२ निम्नलिखित प्रश्नों का सविस्तार उत्तर दीजिए। (३०)

(ग) कवि ने 'भिक्षुक' कविता में भिक्षुक की दीन-हीन अवस्था का चित्रण किस प्रकार किया है ?

अथवा

'दिया जलाना कब मना है' कविता में कवि ने नए संघर्ष और नए प्रयासों की बात की है, इस कथन पर प्रकाश डालिए।

(घ) ''बड़े घर की बेटियाँ ऐसी ही होती हैं।''—उक्ति के आधार पर आनन्दी के गुणों का सविस्तार वर्णन कीजिए।

अथवा

'डिप्टी-कलेक्टरी' कहानी के शकलदीप बाबू अपने पुत्र को डिप्टी-कलेक्टर बनाने के लिए किस प्रकार संघर्ष करते हैं ?

प्रश्न.३ निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणी लिखिए। (१०)

(च) 'झाँसी की रानी' का शौर्य-वर्णन।

अथवा

'नर हो, न निराश करो मन को' कविता की मूल संवेदना।

(छ) 'चीफ की दावत' कहानी की माँ।

अथवा

'सदाचार का तावीज़' निबंध का व्यंग्य।

प्रश्न.४ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए। (१०)

१. किसका अंचल डोल रहा है ?

२. प्रभु ने तुमको क्या दान किए हैं ?

३. पुष्प किसके सिर के ऊपर चढ़ाया जाना नहीं चाहता ?

४. कवि नागार्जुन के गाँव का नाम बताइए।



B0CA8E8298E89A494B3F34788861F53E

munotes.in

५. जो बसे हैं वे किसके जड़ नियम से उजड़ते हैं ?

६. मधूलिका किसकी कन्या थी ?

७. बाबा भारती कहाँ रहते थे ?

८. मुन्नी के लिए पाजेब किसने लाया था ?

९. राजा ने 'विशेषज्ञ' जाति के कितने आदमी बुलाए ?

१०. छमिया के पति का क्या नाम था ?

प्रश्न.**५** किसी एक पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए। (१०)

अपने प्राचार्य के नाम आकस्मिक अवकाश (छुट्टी)के लिए आवेदन पत्र का नमूना तैयार कीजिए।

अथवा

अपने भाई के विवाह पर अपने मित्रों को निमंत्रण देते हुए पत्र का प्रारुप तैयार कीजिए।

प्रश्न.**६** (ज) सूचनानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१०)

(अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए। (०२)

१. हिमालय पर्वत ऊँची है।
२. मेरे को पढ़ना है।

(आ) निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द पहचानकर लिखिए। (०२)

१. अध्यापक ने पुस्तकें दीं।
२. लाल किला दिल्ली में स्थित है।

(इ) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द पहचानकर लिखिए। (०२)

१. वह मेरी कक्षा में पढ़ता है।
२. मुझे हिंदी भाषा अच्छी लगती है।

(ई) निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण शब्द पहचानकर लिखिए। (०२)

१. पुस्तकालय में बहुत पुस्तकें हैं।
२. नदी का जल मीठा है।



B0CA8E8298E89A494B3F34788861F53E

munotes.in

(उ) निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द पहचानकर लिखिए। (०२)

१. माताजी पकौड़ियाँ बना रही हैं।
२. रवि गाता है।

(झ) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (१०)

स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व आज विद्यार्थियों के ऊपर है क्योंकि आज जो विद्यार्थी हैं, वे ही कल स्वतंत्र भारत के नागरिक होंगे। भारत की उन्नति और उसका उत्थान उन्हीं की उन्नति और उत्थान पर निर्भर करता है, अतः विद्यार्थियों को चाहिए कि अपने भावी जीवन का निर्माण बड़ी सतर्कता और सावधानी के साथ करें। उन्हें प्रत्येक क्षण अपने राष्ट्र, अपने समाज, अपने धर्म, अपनी संस्कृति को अपनी आँखों के सामने रखना चाहिए ताकि उनके जीवन से राष्ट्र को कुछ बल प्राप्त हो सके। जो विद्यार्थी राष्ट्रीय दृष्टिकोण से अपने जीवन का निर्माण नहीं करते वे राष्ट्र और समाज के लिए भार-स्वरूप होते हैं।

१. स्वतंत्र भारत का संपूर्ण दायित्व किसके ऊपर है ?
२. भारत की उन्नति किस पर निर्भर करती है ?
३. विद्यार्थियों को अपने भावी जीवन का निर्माण कैसे करना चाहिए ?
४. विद्यार्थियों को अपनी आँखों के सामने क्या रखना चाहिए ?
५. किस तरह के विद्यार्थी अपने राष्ट्र और समाज के लिए भार-स्वरूप होते हैं ?

---



B0CA8E8298E89A494B3F34788861F53E